**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous 3rd Bail Application No. 2477/2026

Ravi Malav @ Jhinga S/o Ramlal, Aged About 22 Years, R/o Vinod Mehra Ke Makaan Me, Pani Ki Tanki Ke Pass, Balita Road, Bapu Colony, Kunhadi, Kota (Raj.).
(Accused At Present Confined In Central Jail, Kota).

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan, Through Public Prosecutor

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Samarth Sharma, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Sudesh Saini, PP |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Order**

**05/05/2026**

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी–अभियुक्त का निवेदन है कि प्रकरण में अभियुक्त दिनांक 07.03.2023 से अभिरक्षा में है, प्रकरण के शीघ्र निस्तारण का निर्देश विचारण न्यायालय को दिये जाने के निवेदन के साथ इस स्टेज पर जमानत आवेदन को बल नहीं दिया।

परिणामतः यह प्रार्थी–अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत यह तृतीय जमानत आवेदन बल नहीं दिये जाने के आधार पर खारिज किया जाता है।

विचारण न्यायालय से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार स्वयं अभियुक्त पक्ष का विचारण में असहयोग रहा है, परंतु उपरोक्त परिस्थितियों के बावजूद चूंकि प्रकरण में मात्र एक गवाह के बयान होना शेष है, अतः विचारण न्यायालय को यह आदेश दिया जाता है कि अभियुक्त पक्ष द्वारा इस आदेश की प्रति पेश किये जाने के उपरांत अत्यंत अल्पकालिक स्थगन देते हुए तथा प्रत्येक पेशी पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रकरण का यथासंभव तीन माह में निस्तारण करें।

अभियुक्त पक्ष को निर्देश दिया जाता है कि वे भविष्य में अनावश्यक स्थगन नहीं मांगे तथा प्रत्येक पेशी पर विचारण में सहयोग हेतु तत्पर रहें।

कार्यालय को भी निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्रति विचारण न्यायालय को अविलम्ब प्रेषित की जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

DINESH KUMAWAT /02